Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. _____

(In words)

Test Booklet No.

J—8007

PAPER—III

GEOGRAPHY

Time : 2½ hours] **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **26**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   No Additional Sheets are to be used.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

GEOGRAPHY

भूगोल

PAPER – III

प्रश्न-पत्र – III

NOTE: **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

नोट : यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

SECTION - I
खण्ड – I

Note : This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each question carries five (5) marks.

(5x5=25 marks)

नोट : इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

(5x5=25 अंक)

Perhaps Thomas S Kuhn is right to claim that science is not a well regulated activity where each generation automatically builds upon the results achieved by earlier workers, but a process of varying tension in which tranquil periods characterized by a steady accretion of Knowledge are separated by crises which can lead to upheaval within subject disciplines and breaks in continuity. While it is possible to determine objectively whether an explanatory framework is satisfactory and reasonable *within* a specific scientific tradition, we must choose *between* different scientific traditions, and this choice is subjective. We must select what Kuhn calls *paradigms* (models or exemplars) for scientific activity.

However, Kuhn's model fits the development of geographical science only superficially. As we have followed the development of the subject, we have seen how new paradigms have, to some extent, included ideas from the older paradigms. The paradigm concept therefore loses some of its clarity and value as a guide for research until, in the end, more and more people define geography as what geographers do. Despite the impressions we may get from simplified accounts a closer look at the history of geography reveals that complete revolutions have not taken place; paradigms, or what may be more appropriately termed schools of thought, continue to exist side by side.

थामस कुह्न का यह दावा शायद सही है कि विज्ञान एक सुनियमित क्रिया नहीं है, जिस में कि प्रत्येक पीढ़ी अपने आप पूर्व कार्यकर्त्ताओं द्वारा प्राप्त किए गये परिणामों पर निर्माण करती है, बल्कि विविध तनावों की प्रक्रिया है, जिसमें सतत ज्ञान की अभिवृद्धि वाले शान्त कालों को संकट काल विभक्त करते हैं, जिससे विषय के भीतर उथल-पुथल पैदा होता है और निरन्तरता में व्यवधान पड़ते हैं। वैसे वास्तविक रूप से यह निश्चित करना सम्भव है कि क्या कोई व्याख्यात्मक ढाँचा किसी विशिष्ट वैज्ञानिक परम्परा के अन्तर्गत संतोषजनक एवं तर्कसंगत है, फिर भी हमें विभिन्न वैज्ञानिक परम्पराओं के बीच अवश्य चयन करना चाहिए, और यह चयन व्यक्तिनिष्ठ है। हमें वैज्ञानिक क्रियाकलाप के लिए मॉडलों या प्रादर्शों का चयन करना चाहिए जिन्हें कुह्न ने पैराडिज्म (मॉडल या नमूने) कहा है। परन्तु कुह्न का मॉडल भौगोलिक विज्ञान के विकास के साथ सतही तौर पर ही जुड़ पाता है। हमने जैसे कि विषय के विकास का अनुशीलन किया है, हमने देखा है कि किस प्रकार नये पैराडिज्मों ने पुराने पैराडिज्मों के विचारों को कुछ हद् तक अपने में शामिल किया है। अत: पैराडिज्म की अवधारणा का शोध के मार्गदर्शक के रूप में स्पष्टता तथा मूल्य कुछ हद तक कम हो जाता है, जब तक कि अधिक से अधिक लोग भूगोल को वैसा ही नहीं मानने लगते जैसा कि भूगोलवेत्ता करते हैं। सरलीकृत विवरणों से बननेवाली रायों के बावजूद भूगोल के इतिहास को निकट से देखने पर स्पष्ट होता है कि पूर्ण क्रान्तियाँ नहीं हो पायी हैं। पैराडिज्म, या जिन्हें अधिक उपयुक्त शब्दों में वैचारिक सम्प्रदाय कहें, साथ-साथ अस्तित्व में रहे हैं।

1. In the light of the above passage, state the claim made by Kuhn.

उपर्युक्त उद्धरण के आलोक में कुह्न द्वारा किये गये दावे का उल्लेख कीजिए।

2. To which crisis has Kuhn referred to ?

कुह्न ने किस संकट का उल्लेख किया है?

3. Why has it been said that Kuhn's model fits the development of geography only superficially ?

ऐसा क्यों कहा गया है कि भूगोल के विकास से कुह्न का मॉडल मात्र सतही तौर पर जुड़ पाता है?

4. Is the paradigm concept irrelevant to geography ?

क्या पैराडिज्म की अवधारणा भूगोल के लिए अप्रासंगिक है?

5. Summarise the main ideas contained in the above passage.
उद्धरण में निहित प्रमुख विचारों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

SECTION - II / खण्ड – II

Note : This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks. **(5x15=75 marks)**

नोट : इस खंड में पाँच-पाँच (5-5) अंकों के पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। **(5x15=75 अंक)**

6. Define urban fringe.
नगरीय उपान्त को परिभाषित कीजिए।

7. State the significance of tropopause.

क्षोभ सीमा (ट्रोपोपोज़) के महत्व का उल्लेख कीजिए।

8. Explain the scope of Applied Geomorphology.

व्यावहारिक भूआकृति विज्ञान के विषय क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।

9. Define frequency polygon.

बारम्बारता बहुभुज को परिभाषित कीजिए।

10. Highlight the importance of Rank-Size rule.

कोटि-आकार नियम के महत्व पर प्रकाश डालिए।

11. Explain the census criteria for defining urban settlements.

नगरीय अधिवासों को परिभाषित करने हेतु जनगणना द्वारा अपनाये गये मानकों को स्पष्ट कीजिए।

12. Define positivism.

प्रत्यक्षवाद को परिभाषित कीजिए।

13. Explain how nodal regions are formed ?

स्पष्ट कीजिए कि केन्द्रित (नोडल) प्रदेश कैसे बनते हैं?

14. Examine the utility of Geographic Information System (GIS).

भौगोलिक सूचना प्रणाली की उपयोगिता का परीक्षण कीजिए।

15. What are the problems of plantation agriculture ?

बागानी कृषि की क्या समस्यायें हैं?

16. What are the functions of sea ports ?

समुद्री बन्दरगाहों के क्या कार्य हैं?

17. Identify the major industrial regions of India.

भारत के बृहद् औद्योगिक प्रदेशों की पहिचान कीजिए।

18. Explain soil conservation.

मृदा संरक्षण को समझाइये।

19. Define social area.

सामाजिक क्षेत्र को परिभाषित कीजिए।

20. Define the concept of "genre de vie" propounded by Vidal de la Blache.

वाइडल द ला ब्लाश द्वारा प्रतिपादित 'जीवन पद्धति' की अवधारणा को परिभाषित कीजिए।

SECTION - III
खण्ड – III

Note : This section contains five (5) questions of twelve (12) marks each. Each question is to be answered in about two hundred (200) words. **(12x5=60 marks)**

नोट : इस खंड में बारह-बारह (12-12) अंकों के पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है। **(12x5=60 अंक)**

21. Describe briefly Fenneman's circumference of Geography.
फेनिमन की भूगोल की परिधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

22. Assess the significance of biodiversity.
जैव विविधता के महत्व का आकलन कीजिए।

23. Discuss the pattern of migration in India.
भारत में प्रवास के प्रतिरूप की विवेचना कीजिए।

24. Examine critically the concept of social-well being.
सामाजिक कल्याण की अवधारणा का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

25. What is Lorenz curve ? Explain its utility.
लॉरेञ्ज वक्र क्या है? इसकी उपयोगिता को समझाइये।

SECTION - IV

खण्ड – IV

Note : This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics.

(40x1=40 marks)

नोट : इस खंड में एक चालीस (40) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

(40x1=40 अंक)

26. Define the concept of rural-urban dichotomy, and evaluate its merits and limitations in the context of the twin strategy of development of agriculture and basic and heavy industries in India.

ग्रामीण–नगरीय द्विभाजन की अवधारणा को परिभाषित कीजिए और भारत में कृषि एवं आधारभूत तथा भारी उद्योगों के विकास की दोहरी व्यूहरचना के संदर्भ में इसके गुणों एवं सीमाओं का मूल्यांकन कीजिए।

OR/अथवा

Explain how Remote sensing and Geographic Information System (GIS) could contribute to the progress of geography as an inter disciplinary and integrating discipline.

स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार संवेदन एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी.आई.एस.) एक अन्तर्विषयक तथा संयोगात्मक विषय के रूप में भूगोल की प्रगति में योगदान दे सकता है।

OR/अथवा

Discuss the mechanism of Indian Monsoon, and its impact on agriculture.

भारतीय मानसून की क्रियाविधि तथा कृषि पर उसके प्रभाव की विवेचना कीजिए।

FOR OFFICE USE ONLY							
Marks Obtained							
Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained	Question Number	Marks Obtained
1		26		51		76	
2		27		52		77	
3		28		53		78	
4		29		54		79	
5		30		55		80	
6		31		56		81	
7		32		57		82	
8		33		58		83	
9		34		59		84	
10		35		60		85	
11		36		61		86	
12		37		62		87	
13		38		63		88	
14		39		64		89	
15		40		65		90	
16		41		66		91	
17		42		67		92	
18		43		68		93	
19		44		69		94	
20		45		70		95	
21		46		71		96	
22		47		72		97	
23		48		73		98	
24		49		74		99	
25		50		75		100	

Total Marks Obtained (in words) .....

(in figures) .....

Signature & Name of the Coordinator .....

(Evaluation) Date .....